सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर का शुभारंभ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की एन.एस.एस. की तीनों इकाइयों द्वारा दिनांक 20-03-2022 से 26-03-2022 तक सात दिवसीय स्पेशल शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। इस शिविर के मूल विषय जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, सड़क सुरक्षा, डिजीटलीकरण एवं प्राथमिक चिकित्सा आदि रहेंगे। सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं एन.एस.एस. जिला संयोजक डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ एन. एस. एस. गीत के द्वारा किया गया। तत्पश्चात एन. एस. एस. कार्यक्रमाधिकारियों ने पौधा व भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने स्वयंसेवकों को FABULOUS प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी को सशक्त बनाओ, पर्यावरण के लिए आग्रह, प्लास्टिक मुक्त जीवन यातायात के नियमों का पालन, अद्वितीय कौशल विकास एवं नशा मुक्त जीवन के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने बताया कि एन.एस.एस. के माध्यम से आप तालमेल व टॉम की भावना से कार्य करते हुए दूसरों के साथ सामंजस्य बिठाना सीख सकते हो। आप जो भी कार्य करो उत्तम श्रेष्ठ करो। उन्होंने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को धैर्य न खोते हुए हर परिस्थिति का सामना संवाद से करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थी महाविद्यालय के विद्यार्थियों से कुछ विशेष हैं। साथ ही उन्होंने एन. एस. एस. की नीली टोपी के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के एन.एस.एस. का स्वयंसेवक मुकुल सेठी ने जिला स्तर, विश्विद्यालय स्तर पर ही नहीं अपितु राज्य स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक की उपाधि प्राप्त की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की तीनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. शोभना गोयल एवं डॉ. सीमा मलिक मौजूद रहे।

अंत में एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार निराला ने सबका धन्यवाद करते हुए महाविद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की व सात दिवसीय शिविर में चलने वाली गतिविधियों पर चर्चा की।